CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM-2022

**वियोज्य DETACHABLE**

# नृविज्ञान (प्रश्न-पत्र I)

# ANTHROPOLOGY (Paper I)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित पर लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में टिप्पणियां लिखिए :

Write notes on the following in about 150 words each : 10×5=50

1. (a) औपचारिकतावादी और मूलवादी दृष्टिकोणों के बीच वाद-विवाद

Debate between formalist and substantivist approaches 10

1. (b) भारतीय उपमहाद्वीप में मध्यपाषाण शैल कला

Mesolithic rock art in Indian subcontinent 10

1. (c) सामाजिक प्रस्थिति, भूमिका और संस्था पर रैडक्लीफ-ब्राउन के विचार

Radcliffe-Brown's ideas on status, role and institution 10

1. (d) आनुवंशिक परामर्श में वंशवृक्ष विश्लेषण

Pedigree analysis in genetic counselling 10

1. (e) सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पी.आर.ए.) और सहभागी अधिगम एवं कार्य (पी.एल.ए.)

Participatory Rural Appraisal (PRA) and Participatory Learning and Action (PLA) 10

2. (a) "नृविज्ञान हर देश-काल में मानवजाति का व्यवस्थित, वस्तुनिष्ठ एवं समग्र अध्ययन है" । तर्क का विस्तार कीजिए ।

"Anthropology is the systematic, objective and holistic study of human kind in all times and places". Elaborate the argument. 20

2. (b) प्राइमेट सामाजिक संगठन के विभिन्न स्वरूपों की चर्चा कीजिए ।

Discuss different forms of primate social organisation. 15

2. (c) पर्यावरणीय परिकल्पना के संदर्भ में उपयुक्त उदाहरणों के साथ भारतीय पुरापाषाण उद्योग में टाइपो-तकनीकी समस्याओं की चर्चा कीजिए ।

Discuss with suitable examples the typo-technological problems in Indian palaeolithic industry with reference to environmental hypotheses. 15

3. (a) उपयुक्त उदाहरणों का उल्लेख करते हुए, चर्चा करें कि वंश के नियम मातृवंशीय समाज में निवास के सिद्धांतों का खंडन कैसे करते हैं ?

Discuss how the rules of descent contradict the principles of residence in matrilineal society, mentioning suitable examples ? 20

3. (b) भारतीय सूक्ष्म पाषाण उद्योग में पशुपालन के साक्ष्यों का उल्लेख कीजिए ।

Enumerate the evidence of animal domestication in Indian microlithic industry. 15

3. (c) क्या हमें अभी भी 'उत्कृष्ट' और 'प्रगतिशील' प्रकार के नियंडरथल के बीच अन्तर करना चाहिये ? मानव विकास में नियंडरथल के स्थान से संबंधित विवाद की विवेचना कीजिए ।

Should we still distinguish between 'classic' and 'progressive' Neanderthals ? Discuss the controversy surrounding Neanderthal's position in human evolution. 15

4. (a) हीथ और कार्टर ने कार्यप्ररूप का आकलन करने के लिए किसी व्यक्ति की तस्वीरों के बजाय मानवमितिय माप का उपयोग क्यों किया ? उनकी विधि का वर्णन कीजिए ।

Why Heath and Carter used anthropometric measurements instead of photographs of an individual to assess the somatotype ? Elaborate their method. 20

4. (b) ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भों पर चर्चा करें, जिसके कारण नृविज्ञान में प्रजातिकेंद्रिकता से सांस्कृतिक सापेक्षवाद का अधिक्रमण हुआ ।

Discuss the historical and cultural contexts that led to superseding ethnocentrism with cultural relativism in anthropology. 15

4. (c) कूला मुद्रिका के बारे में विभिन्न मानवशास्त्रीय व्याख्याओं का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine various anthropological interpretations about the Kula Ring. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित पर लगभग 150 शब्दों (प्रत्येक) में टिप्पणियां लिखिए :

Write notes on the following in about 150 words each : 10×5=50

5. (a) संतुलित और क्षणिक आनुवंशिक बहुरूपता ।

Balanced and transient genetic polymorphism. 10

5. (b) मानव रोगों में आनुवंशिक छाप ।

Genetic imprinting in human diseases. 10

5. (c) मानव जन्मपूर्व विकास के चरण ।

Stages of human pre-natal development. 10

5. (d) भूतसाधक ओझा, जादूगरी ओझा, और रोगहारी ओझा ।

Shaman, sorcerer and medicine man. 10

5. (e) कुटुम्ब और घरेलू समूह ।

Household and domestic group. 10

**6.** (a) विभिन्न प्रकार की राजनीतिक व्यवस्थाओं में सामाजिक नियंत्रण की क्रियाविधियों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the mechanism of social control in different kinds of political systems. 20

**6.** (b) स्वास्थ्य से क्या तात्पर्य है ? क्या जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का बोझ बढ़ रहा है ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

What is meant by health ? Is the burden of life style diseases on the rise ? Justify your answer with suitable examples. 15

**6.** (c) उत्तरोत्तर पीढ़ियों में मानव महिलाओं में रजोधर्म आयु में गिरावट के कारणों का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Critically evaluate the reasons of reduction in age at menarche in human females over the successive generations. 15

**7.** (a) मानव विविधता के निर्माण में उद्‌विकासवादी शक्तियों की भूमिका की चर्चा कीजिए ।

Discuss the role of evolutionary forces in creating human diversity. 20

**7.** (b) हाल के समय तक नृविज्ञान में क्षेत्रीय कार्य परंपरा के ऐतिहासिक विकास की चर्चा कीजिए ।

Write the historical development of field work tradition in anthropology till recent times. 15

**7.** (c) सांस्कृतिक उद्‌विकास के आलोक में लेज़ली व्हाइट, जूलियन स्टीवर्ड और मार्शल सहलिन्स के दृष्टिकोणों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the approaches of Leslie White, Julian Steward and Marshall Sahlins in the light of cultural evolution. 15

**8.** (a) विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक जनसांख्यिकीय सिद्धांतों के आलोक में समसामयिक जनसंख्या समस्या की विवेचना कीजिए ।

Discuss the contemporary population problems in the light of various socio-cultural demographic theories. 20

**8.** (b) रक्त समूह प्रणाली से आप क्या समझते हैं ? एच एल ए प्रणाली, लाल कोशिका प्रतिजनों पर आधारित प्रणाली से कैसे भिन्न है ?

What do you understand by blood group systems ? How is HLA system different from those based on red cell antigens ? 15

**8.** (c) चर्चा करें कि मानव शरीर के मानवशास्त्रीय ज्ञान का उपयोग मानव उपयोग के उपकरणों और वस्तुओं को डिज़ाइन करने में कैसे किया जा सकता है ।

Discuss how anthropological knowledge of the human body may be used in designing equipments and articles of human use. 15